इस प्रश्न-पत्र में 49 प्रश्न तथा 10 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | 

**कोड नं० 71/SS/331/A1**

**सेट A1**

# समाजशास्त्र
# (331)

परीक्षा का दिन व दिनांक ..........................................................................................

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ..........................................................................................

2. ..........................................................................................

***सामान्य अनुदेश*** :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 71/SS/331/A1, सेट A1 लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# समाजशास्त्र

# (331)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 49 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

(iv) वैकल्पिक मॉड्यूल में आपको या तो **वैकल्पिक मॉड्यूल I** या **वैकल्पिक मॉड्यूल II** के सभी प्रश्न करने होंगे।

(v) **खण्ड—अ** में प्रश्न संख्या **1** से **25** तक तथा **खण्ड—ब** में प्रश्न संख्या **26** से **49** तक हैं।

(a) प्रश्न संख्या **1** से **17** एवं **41**, **42** और **45** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का *1* अंक है (1×20=20). सबसे उपयुक्त विकल्प (A, B, C या D) चुनकर लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **18** से **25** एवं **43**, **44**, **46** और **47** अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **18**, **19** एवं **21** में प्रत्येक के *2* अंक हैं (*1* अंक वाले 2 उप-भागों सहित) एवं प्रश्न संख्या **20** के *5* अंक हैं (*1* अंक वाले 5 उप-भागों सहित), प्रश्न संख्या **22** के *3* अंक हैं (*1* अंक वाले 3 उप-भागों सहित), प्रश्न संख्या **23, 24** एवं **25** में प्रत्येक के *4* अंक हैं (*1* अंक वाले 4 उप-भागों सहित), प्रश्न संख्या **43**, **44**, **46** और **47** में प्रत्येक का *1* अंक है। इन प्रश्नों के उत्तर **18** से **25** तथा **43**, **44**, **46** और **47** में दिए गए निर्देशानुसार दीजिए।

(vi) **खण्ड—ब** में प्रश्न संख्या **26** से **49** तक वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

(a) प्रश्न संख्या **26** से **31** एवं **48** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के *2* अंक हैं (2×7=14), प्रत्येक का उत्तर *80* से *120* शब्दों की सीमा के अंदर दीजिए।

(b) प्रश्न संख्या **32** से **38** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के *3* अंक हैं (3×7=21), प्रत्येक का उत्तर *150* से *200* शब्दों की सीमा के अंदर दीजिए।

(c) प्रश्न संख्या **39**, **40** एवं **49** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के *5* अंक हैं (5×3=15), प्रत्येक का उत्तर *400* से *500* शब्दों की सीमा के अंदर दीजिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड—अ

**निर्देश** : बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** राजनीति विज्ञान _____ का अध्ययन है।

(A) विशिष्ट समाजों

(B) दस्तावेजों के विश्लेषण

(C) राज्य

(D) कानून की प्रणाली 1

2. मनोविज्ञान _____ का अध्ययन है। 1

(A) सामाजिक तथ्यों
(B) मानसिक तथ्यों
(C) सांस्कृतिक तथ्यों
(D) तुलनात्मक तथ्यों

3. गौण आँकड़ों के स्रोत हैं

(A) जीवनियाँ
(B) आत्मकथाएँ
(C) पत्र
(D) उपर्युक्त सभी 1

4. समुदाय का लक्षण है

(A) अमूर्त
(B) गतिशील
(C) मूर्त
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं 1

5. एक क्षेत्रीय आधार _____ है।

(A) समूह
(B) क्लब
(C) समुदाय
(D) समाज 1

6. मुसलमानों में अस्थायी विवाह करने की प्रथा है, जिसे _____ कहा जाता है।

(A) निकाह
(B) फासिद
(C) मुताह
(D) बातिल 1

7. मृत्यु-दर में गिरावट के कारण _____ है।

(A) जनसंख्या घटी
(B) स्थिर अर्थव्यवस्था
(C) बेरोजगारी
(D) जनसंख्या में बढ़ोतरी हुई 1

8. समाजीकरण की प्रक्रिया एक _____ की प्रक्रिया है।

(A) अनुकूलन
(B) सीखने
(C) स्वांगीकरण (घुलने-मिलने)
(D) बढ़ने 1

9. आदिवासी समुदाय _____ क्षेत्रों में रहते हैं। 1

(A) नगरीय
(B) पहाड़ी
(C) ग्रामीण
(D) औद्योगिक

10. प्रभव जाति की जनसंख्या _____ है। 1

(A) अधिक
(B) कम
(C) बहुत कम
(D) भारतीय

11. जाटव त्रेता युग में _____ थे।

(A) ब्राह्मण
(B) क्षत्रिय
(C) वैश्य
(D) शूद्र 1

**12.** यहूदी धर्म को मानने वाले _____ कहलाते हैं।

(A) पारसी (B) बौद्ध

(C) यहूदी (D) आर्मीनियाई 1

**13.** आदिवासी _____ के धर्म का पालन करते हैं। 1

(A) हिन्दू (B) इसाई

(C) स्वयं (D) इस्लाम

**14.** संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम _____ में लागू किया गया था। 1

(A) 1908 (B) 1948

(C) 1958 (D) 1910

**15.** मण्डल कमीशन की स्थापना _____ में हुई थी।

(A) 1979 (B) 1989

(C) 1999 (D) 1980 1

**16.** हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, _____ के अनुसार लड़कियों को उत्तराधिकार का समान अधिकार देना है।

(A) 1976 (B) 1956

(C) 1955 (D) 1954 1

**17.** गली के बच्चे _____ होते हैं।

(A) फँसे हुए (B) अनाथ

(C) गरीब (D) उपर्युक्त सभी 1

**18.** रिक्त स्थान भरिए : 1×2=2

(क) जिस परिवार में व्यक्ति पैदा होता है, उसे ही उसका _____ कहते हैं।

( प्रजनन का परिवार/अभिविन्यास का परिवार/कोई नहीं/दोनों ही )

(ख) नातेदारी व्यवहार जिसमें पिता की बहन को महत्त्वपूर्ण भूमिका दी जाती है, उसे _____ कहते हैं।

( कुवेद/मातुल संबंध/पितृष्वसा अधिकार )

**19.** रिक्त स्थान भरिए : 1×2=2

(क) भारतीय संविधान के अनुच्छेद _____ ने अस्पृश्यता को समाप्त किया।

( 17/25/27 )

(ख) चुनाव नागरिकों में _____ की भावना पैदा करते हैं।

( उत्तरदायित्व/रुचि/उदासीनता )

**20.** **एक** शब्द से रिक्त स्थान भरिए : 1×5=5

(क) विश्व भर में सबसे अधिक प्रचलित विवाह का स्वरूप है _____।

(ख) अपने ही सामाजिक समूह में विवाह कहलाता है _____।

(ग) ऐसा कर्मकाण्ड जो व्यक्ति को शुद्ध कर देता है, _____ कहलाता है।

(घ) एक सामाजिक प्रथा के अनुसार ऊँची जाति का एक लड़का निम्न जाति की एक लड़की से विवाह कर सकता है, _____ कहलाता है।

(ङ) बाल विवाह निषेध अधिनियम _____ में लागू किया गया।

**21.** रिक्त स्थान भरिए : 1×2=2

(क) अछूतों की पहचान आज _____ के रूप में की जाती है।
( अन्य पिछड़ा वर्ग/सवर्ण/दलित )

(ख) संस्कृतिकरण का अर्थ _____ जाति का उच्च जाति में बदलना है।
( मध्य/निम्न/उच्च )

**22.** सही या गलत बताइए : 1×3=3

(क) समाजशास्त्री अनुसंधान करने में आरंभिक और गौण या द्वितीयक दोनों प्रकार के आँकड़ों का उपयोग करते हैं।

(ख) परिवार के ढाँचे और कर्तव्यों का अध्ययन करने के लिए मर्डोक क्लाईदुए ने मिश्रित सांस्कृतिक विधि का उपयोग किया।

(ग) समाजशास्त्र में प्रयोग संभव नहीं है।

**23.** निम्न गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4=4

परिवार द्विवर्ती होता है लेकिन वंश-परंपरा एकल-वंशीय होती है। यह समरक्त रिश्तेदारों का एक समूह है जो अपने वंशक्रम को एक समान पूर्वज या पूर्वजों से जाने जाते हैं। जैसा कि गोत्र में पूर्वज मिथक नहीं होते हैं वैसे ही पूर्वज अतीत में अस्तित्व रखते थे। वंश-परंपरा एक अन्तःसमूह है। यह एकलवर्ती वंशसमूह है जिसका अर्थ यह हुआ कि वंश-परंपरा में वे सभी लोग शामिल होते हैं जो पितृवंशीय हैं। ऐसे वंशक्रमों में पूर्वज को पुरुष की ओर से देखते हैं और तब वंशक्रम को पिता से लड़के की ओर गिनते हैं। यदि वंशक्रम को स्त्री की ओर से खोजा जाता है तब इसे मातृवंशीय कहते हैं। मातृवंशीय वंश-परंपरा में सदस्यों के संबंध माँ की ओर समझे जाते हैं। वंश-परंपरा के सदस्य एक सामान्य आवास में रह सकते हैं और नहीं भी। संयुक्त परिवार भी वंश-परंपरा का दृष्टांत है, जहाँ तीन या चार पीढ़ियों के लोग एक साथ रहते हैं।

(क) वंश-परंपरा कौन-सा समूह है?

(ख) उस वंश-परंपरा को क्या कहते हैं जिसमें पूर्वज एक पुरुष हो और क्यों?

(ग) किस परिवार को वंश-परंपरा का एक उदाहरण कहा जा सकता है?

(घ) परिवार क्या है?

**24.** निम्नलिखित दावा-कारण प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4=4

*(i)* निम्न के आधार पर सही विकल्प चुनिए :

दावा (A) : क्रमिक विकास सततता की एक संसूचना है।

कारण (R) : यह परिवर्तन की दिशा की ओर संकेत नहीं करता।

(A) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है

(B) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

*(ii)* निम्न के आधार पर सही विकल्प चुनिए :

दावा (A) : क्रांति का लक्ष्य मूलतः एक उत्पीड़क प्रणाली से जनता को मुक्ति दिलाना है।

कारण (R) : प्रति क्रांति का उद्देश्य पुरानी, परंपरागत पद्धतियों की बहाली अथवा पुनर्स्थापना करना है।

(A) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है

(B) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

*(iii)* निम्न के आधार पर सही विकल्प चुनिए :

दावा (A) : सामाजिक परिवर्तन के पैटर्न प्रकृति की लय की तरह होते हैं जैसे रात और दिन और जिसमें पूर्वनिर्धारित जीवन-क्रम होता है।

कारण (R) : करीब से देखने पर तेजी से हो रहे बदलाव असल में गतिविधियों का एक दोहराया जाने वाला सेट होता है जो चक्रीय पैटर्न नहीं बनाते हैं।

(A) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है

(B) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

*(iv)* निम्न के आधार पर सही विकल्प चुनिए :

दावा (A) : परिवर्तन की अवधि भिन्न-भिन्न होती है।

कारण (R) : कुछ परिवर्तन थोड़े समय में ही घटित हो जाते हैं जबकि कुछ अन्य सदियों बाद होते हुए दिखाई देते हैं।

(A) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है

(B) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

**25.** कॉलम—A का कॉलम—B से मिलान कीजिए : 1×4=4

| **कॉलम—A** | **कॉलम—B** |
|---|---|
| *(a)* भ्रष्टाचार | *(i)* जनसंख्या में तेजी से विस्तार |
| *(b)* मानवीय गरीबी | *(ii)* जनसंख्या से संबंधित |
| *(c)* जनसंख्या विस्फोट | *(iii)* लम्बा जीवन नहीं होना और ज्ञान का तथा जीवनयापन का अच्छा स्तर |
| *(d)* जनसांख्यिकी | *(iv)* नैतिकता को छोड़कर, पैसे कमाने की विशेषता |

## खण्ड—ब

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *80* से *120* शब्दों में लिखिए :

**26.** सामाजिक कार्य से क्या तात्पर्य है? 2

**27.** (क) 'अनुलोम' से आप क्या समझते हैं? 2

*अथवा*

(ख) 'प्रतिलोम' से आप क्या समझते हैं?

**28.** 'किबूट्ज' की व्याख्या कीजिए। 2

**29.** 'दोलायमान परिवर्तन' से आप क्या समझते हैं? 2

**30.** पवित्र और अपवित्र (प्रदूषण) क्या हैं? 2

**31.** (क) सन् 1955 के अस्पृश्यता अधिनियम के मुख्य लक्षणों को उजागर कीजिए। 2

*अथवा*

(ख) गली के बच्चों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है?

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *150* से *200* शब्दों में लिखिए:

**32.** समाजशास्त्र और इतिहास के बीच के संबंध का उल्लेख कीजिए। 3

**33.** समूह और संस्था के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

**34.** परिवार के विभिन्न प्रकार्यों को उजागर कीजिए। 3

**35.** (क) सामाजिक परिवर्तन के जन्म-मृत्यु सांख्यिकीय तत्त्वों को सूचीबद्ध कीजिए। 3

*अथवा*

(ख) सामाजिक परिवर्तन के एक तत्त्व के रूप में प्रौद्योगिकी का उल्लेख कीजिए।

**36.** (क) स्वांगीकरण और समाजीकरण के बीच के संबंध का वर्णन कीजिए। 3

*अथवा*

(ख) समाजीकरण के विभिन्न कारकों का उल्लेख कीजिए।

**37.** भारतीय शहरी समुदाय की विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए। 3

**38.** (क) आदिवासियों के बीच सांस्कृतिक संबंध के क्या कारण थे? 3

*अथवा*

(ख) आदिवासियों द्वारा किन विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है?

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *400* से *500* शब्दों में लिखिए:

**39.** जाति (व्यवस्था) के मुख्य लक्षणों का वर्णन कीजिए। 5

**40.** (क) अन्य पिछड़े वर्ग में ऋणग्रस्तता क्यों बनी रहती है? इसका वर्णन कीजिए। 5

*अथवा*

(ख) अनुसूचित जातियाँ किसे कहते हैं? उनकी गरीबी से जुड़ी हुई कोई **पाँच** समस्याएँ बताइए।

वैकल्पिक मॉड्यूल–I

**( महिलाओं का सामाजिक स्तर )**

**41.** ब्रिटिश सरकार ने सती निषेध अधिनियम किस वर्ष में पास किया? 1

(A) 1830 (B) 1829

(C) 1856 (D) 1880

**42.** भारत का संविधान वर्ष _____ में अस्तित्व में आया। 1

(A) 1950 (B) 1947

(C) 1952 (D) 1945

**43.** प्राचीन भारत के बारे में उपलब्ध जानकारी का सबसे पुराना ज्ञात स्रोत है _____।

( **एक** शब्द में परिभाषित कीजिए ) 1

**44.** सती के खिलाफ लड़ने वाले प्रसिद्ध समाज सुधारक _____ थे।

( रिक्त स्थान भरिए ) 1

**45.** विद्यासागर ने _____ को बढ़ावा दिया। 1

(A) लड़कियों की शिक्षा (B) स्त्रियों की शिक्षा

(C) दलितों के उत्थान (D) सती (प्रथा)

**46.** ज्योतिबा फुले ने अपना जीवन _____ के लिए समर्पित कर दिया।

( स्त्रियों/लड़कियों/दलितों ) 1

**47.** बौद्ध धर्म में महिलाओं को धार्मिक प्रवचनों में भाग लेने की अनुमति नहीं थी।

( सही या गलत लिखिए ) 1

**48.** (क) राज्य में लैंगिक समानता की प्राप्ति कैसे हो सकती है? 2

***अथवा***

(ख) 'महिलावाद' की व्याख्या कीजिए।

**49.** (क) हमारे समाज में लैंगिक भेदभाव किस तरह काम करता है? 5

***अथवा***

(ख) राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए।

## वैकल्पिक मॉड्यूल–II
## ( भारतीय संस्कृति )

**41.** अदारंग और सदारंग _____ बजाने के लिए प्रसिद्ध थे। 1

(A) गिटार (B) वीणा

(C) संगीत (D) नृत्य

**42.** वेदों की संख्या चार है। _____ विश्व का सबसे प्राचीन धर्म ग्रंथ है। 1

(A) यजुर्वेद (B) सामवेद

(C) अथर्ववेद (D) ऋग्वेद

**43.** प्राचीन भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ का नाम बताइए।

( **एक** शब्द में लिखिए ) 1

**44.** _____ ने भौतिक विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया।

( रिक्त स्थान भरिए ) 1

**45.** एक राष्ट्र अपनी _____ के द्वारा जाना जाता है। 1

(A) विरासत (B) उपलब्धियों

(C) संस्कृति (D) विश्वास

**46.** _____ पुरी का प्रसिद्ध मंदिर है।

( रिक्त स्थान भरिए ) 1

**47.** प्राचीन भारत की चित्रकारी सभी कालों में अभिनव रही है।

( सही या गलत लिखिए ) 1

**48.** (क) संस्कारीकरण को परिभाषित कीजिए। 2

***अथवा***

(ख) 'वेद' को परिभाषित कीजिए। **चारों** वेदों का वर्णन कीजिए।

**49.** (क) सांस्कृतिक अनेकता से क्या तात्पर्य है? 5

***अथवा***

(ख) आदर्श प्रतिमान और मूल्यों के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

★ ★ ★